

NYC HEALTH + HOSPITALS

सभी के लिए टीकाकरण

# बच्चों के लिए COVID-19 वैक्सीन

## माता-पिता और देखभाल करने वालों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**मैं अपने बच्चे को COVID-19 वैक्सीन कैसे लगवा सकता/सकती हूँ?**

आपके बच्चे को COVID-19 वैक्सीन लगवाने के कुछ तरीके हैं। बाल चिकित्सा टीकाकरण के लिए अपॉइंटमेंट्स को प्रोत्साहित किया जाता है। आप निम्नलिखित द्वारा अपॉइंटमेंट ले सकते हैं:

+ अपने बाल चिकित्सक को कॉल करके
+ 1-877-VAX-4NYC (1-877-829-4692) पर कॉल करके
+ vaccinefinder.nyc.gov पर NYC Vaccine Finder का उपयोग करके, जिसमें फार्मेसियाँ, आस-पड़ोस के स्वास्थ्य केंद्र, शहर में चलाए जाने वाले वैक्सीन क्लीनिक और मोबाइल वैक्सीन वैन और बसें शामिल हैं
+ forms.cityofnewyork.us/f/home पर घर पर वैक्सीन का अनुरोध करके। बाल चिकित्सा टीकाकरण के लिए अपॉइंटमेंट्स को प्रोत्साहित किया जाता है। सीमित वॉक-इन स्वीकार किए जाते हैं। कृपया अपने बच्चे को वैक्सीन लगवाने के लिए covid19.nychealthandhospitals.org/COVIDVaxEligibility पर अपॉइंटमेंट लें और अगर आपके बच्चों की वैक्सीन की उपलब्धता के बारे में कोई प्रश्न है, तो हमारे किसी भी अस्पताल से संपर्क करें।

वैक्सीन कहाँ से लगवाएँ, इसके बारे में अधिक जानकारी vaccinefinder.nyc.gov पर प्राप्त करें या 877-829-4692 पर कॉल करें।

**NYC Health + Hospitals 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए कौन सी वैक्सीन प्रदान करते हैं?**

NYC Health + Hospitals 6 महीने से 4 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए Pfizer COVID-19 वैक्सीन प्रदान करते हैं।

**मेरे बच्चे को COVID-19 वैक्सीन क्यों लगवानी चाहिए?**

COVID-19 बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है और उन्हें बुरी तरह से बीमार कर सकता है। जो बच्चे बहुत बीमार हो जाते हैं, उन्हें अस्पताल में देखभाल की आवश्यकता पड़ सकती है या लंबे समय तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, जैसे मांसपेशियों में दर्द या सांस लेने में परेशानी और यहाँ तक कि उनकी मृत्यु भी हो सकती है। COVID-19 अमेरिका में बच्चों की मृत्यु के मुख्य 10 कारणों में से एक है। अपने बच्चे की COVID-19 से सुरक्षा करने का सबसे अच्छा तरीका उन्हें वैक्सीन लगवाना है।

यह वैक्सीन 6 महीने से 17 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए सुरक्षित है और COVID-19 से होने वाली बीमारी को रोकने में अत्यधिक प्रभावी है। वैक्सीन लगवाने वाले बच्चों के संक्रमित होने और उनके COVID-19 फैलाने की संभावना कम होती है। COVID-19 के विरुद्ध अपने बच्चे का टीकाकरण कराने से आपके परिवार और समुदाय की सुरक्षा करने में भी मदद मिलती है।

जारी है ▶

**क्या COVID-19 वैक्सीन छोटे बच्चों के लिए सुरक्षित है?**

हाँ! Pfizer COVID-19 वैक्सीन का परीक्षण 6 महीने से 17 वर्ष की उम्र के हज़ारों बच्चों में किया गया था और यह बहुत ही सुरक्षित और प्रभावी है। इनमें से किसी भी बच्चे में गंभीर दुष्प्रभाव नहीं थे।

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने परीक्षण प्रक्रिया पर बारीकी से नज़र रखी थी। COVID-19 वैक्सीन लगवाने वाले बच्चों में किसी भी सुरक्षा संबंधी समस्याओं के लिए रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र और अन्य विशेषज्ञ अभी भी सावधानीपूर्वक नज़र रख रहे हैं।

**मेरे बच्चे को पूरी तरह से टीकाकृत होने के लिए COVID-19 वैक्सीन के कितने डोज़ लगवाने की आवश्यकता है?**

6 महीने से 4 साल की उम्र के बच्चों को Pfizer COVID-19 वैक्सीन के तीन डोज़ मिलने चाहिए। पहले और दूसरे डोज़ में तीन सप्ताह का अंतर और दूसरे और तीसरे डोज़ में आठ सप्ताह का अंतर होता है।

5 से 11 वर्ष की उम्र के बच्चों को Pfizer COVID-19 वैक्सीन के दो डोज़ तीन सप्ताह के अंतराल पर दिए जाने चाहिए। आपके बच्चे को दूसरे डोज़ के दो सप्ताह बाद पूरी तरह से टीकाकृत माना जाता है। 5 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चे जो प्रतिरक्षा में अक्षम हैं, उन्हें अपनी प्राथमिक श्रृंखला के हिस्से के रूप में (कुल तीन डोज़ के लिए) Pfizer के दूसरे डोज़ के कम से कम 28 दिनों के बाद एक अतिरिक्त डोज़ मिलना चाहिए।

**क्या बच्चों का COVID-19 वैक्सीन दूसरों के वैक्सीन के समान है?**

6 महीने से 4 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए Pfizer COVID-19 वैक्सीन की मात्रा 3 माइक्रोग्राम है, जो किशोर और प्रौढ़ की डोज़ का दसवां हिस्सा है। 5 से 11 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए Pfizer COVID-19 वैक्सीन की मात्रा 10 माइक्रोग्राम है, जो किशोर और प्रौढ़ की डोज़ का एक तिहाई हिस्सा है। शोधकर्ताओं ने पाया कि कम डोज़ से छोटे बच्चों में कम दुष्प्रभाव हुए और यह अधिक डोज़ की तरह ही COVID-19 से होनेवाली गंभीर बीमारी को रोकने में उतना ही प्रभावी था।

**क्या मेरे बच्चे को COVID-19 वैक्सीन से दुष्प्रभाव होंगे?**

6 महीने से 17 वर्ष की उम्र के बच्चों में Pfizer COVID-19 वैक्सीन के दुष्प्रभाव आमतौर पर हल्के होते हैं। वे किशोर और प्रौढों में होने वाले दुष्प्रभावों के मुकाबले इतने आम या असहजनक नहीं होते हैं। किसी भी अन्य वैक्सीन की तरह, टीकाकरण के समय बच्चों को थोड़ा सा दर्द महसूस हो सकता है। बाद में, उन्हें हाथ में दर्द हो सकता है, वे थकान या बदन दर्द महसूस कर सकते हैं, उन्हें सिरदर्द हो सकता है या बुखार आ सकता है। ये सभी संकेत हैं कि उनका शरीर COVID-19 के विरूद्ध सुरक्षा उत्पन्न कर रहा है। दुष्प्रभाव आमतौर पर एक या दो दिनों के बाद खत्म हो जाते हैं।

**क्या मेरे बच्चे को COVID-19 वैक्सीन लगने के बाद हृदय संबंधी समस्याओं जैसी किसी स्वास्थ्य समस्या का खतरा होगा?**

इस बात का कोई सबूत नहीं है कि Pfizer COVID-19 वैक्सीन दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती है। COVID-19 वैक्सीन लगवाने वाले 5 से 11 वर्ष की उम्र के बच्चों में हृदय की सूजन का जोखिम बहुत कम हो सकता है, लेकिन 5 से 11 वर्ष की उम्र के बच्चों के नैदानिक परीक्षण में हृदय की सूजन के कोई मामले सामने नहीं आए हैं। 12 से 17 वर्ष की उम्र के किशोरों में देखे गए कुछ मामलोंमें से अधिकांश हल्के थे और प्रिस्क्रिप्शन और आराम करने से उनमें सुधार हुआ था। वास्तव में, अगर आपका बच्चा उस वायरस से बीमार होता है जो COVID-19 का कारण बनता है, तो हृदय की दीर्घकालिक समस्याओं का जोखिम बहुत अधिक होता है।

**क्या COVID-19 वैक्सीन मेरे बच्चे की प्रजनन क्षमता को प्रभावित करेगी?**

इस बात का कोई सबूत नहीं है कि Pfizer COVID-19 वैक्सीन प्रजनन संबंधी समस्याओं का कारण बन सकती है। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र और अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञों का सुझाव है कि जो लोग बच्चे पैदा करना चाहते हैं, उन्हें टीकाकरण करवाना चाहिए।

**मेरे बच्चे को पहले ही COVID-19 हो चुका था और अब वह बेहतर है। क्या मुझे अभी भी उसका टीकाकरण करवाना चाहिए?**

Pfizer COVID-19 वैक्सीन की सिफारिश सभी पात्र बच्चों के लिए की जाती है, भले ही उनको COVID-19 हो चुका हो। शोध से पता चलता है कि पूरी तरह से टीकाकरण कराए हुए लोगों का COVID-19 उबर चुके लोगों की तुलना में बेहतर बचाव होता है। हमें यह भी नहीं पता कि इससे उबरने के बाद COVID-19 से सुरक्षा कब तक रहती है। अपने बच्चे का टीकाकरण करवाना उन्हें फिर से COVID-19 होने से सुरक्षित रखने का सबसे अच्छा तरीका है।

**मेरा बच्चा जल्द ही 12 साल का होने वाला है। क्या मुझे उसे उच्च डोज़ का टीका लगवाने के लिए प्रतीक्षा करनी चाहिए?**

हम आपको जल्द से जल्द अपने बच्चे का टीकाकरण करवाने का सुझाव देते हैं।

**अगर मेरा बच्चा पहला डोज़ लेने के समय 4 वर्ष का है और दूसरे या तीसरे डोज़ से पहले 5 वर्ष का हो जाता है, या अगर मेरा बच्चा पहला डोज़ लेने के समय 11 वर्ष का है और दूसरा डोज़ लेने से पहले 12 वर्ष का हो जाता है, तो क्या उसे उच्च डोज़ मिलेगा?**

हाँ। टीके का डोज़ आपके बच्चे को टीका लगने के समय की उसकी उम्र पर आधारित होगा, लेकिन कम डोज़ चुनने का विकल्प है।

**क्या मेरे बच्चे को COVID-19 वैक्सीन, बाकी वैक्सीन जैसे फ्लू शॉट के साथ ही लगाई जा सकती है?**

हाँ। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र COVID-19 वैक्सीन और बाकी टीके एक ही साथ लगवाने की सलाह देता है-जिसमें फ्लू शॉट भी शामिल है। टीकों के बीच इंतजार करने की कोई ज़रूरत नहीं है।

जारी है ▶

## क्या मेरे बच्चे को पूरी तरह टीकाकृत होने के बाद भी COVID-19 हो सकता है?

यदि आपका बच्चा पूरी तरह से टीकाकृत होने के बाद उस वायरस के संपर्क में आता है जो COVID-19 का कारण बनता है, तो उसके संक्रमित होने की बहुत कम संभावना होती है। लेकिन यह टीका गंभीर बीमारी, अस्पताल में देखभाल की आवश्यकता, दीर्घकालिक जटिलताओं और मृत्यु को रोकने में अत्यधिक प्रभावी है। आपके बच्चे को वैक्सीन लगने के बाद उसके वायरस को फैलाने की संभावना भी कम होगी।

## क्या मेरे बच्चे को स्कूल जाने के लिए COVID-19 वैक्सीन लगाना आवश्यक है?

हम आपके बच्चे को और उसके सहपाठियों को स्वस्थ रखने के लिए, आपके बच्चे को COVID-19 के विरुद्ध टीका लगवाने की पुरज़ोर सिफारिश करते हैं। अभी, सरकारी स्कूलों में जाने के लिए टीका लगवाना आवश्यक नहीं है। निजी स्कूलों, डे केयर और शिविरों में इसकी आवश्यकता हो सकती है, इसलिए अपने प्रदाता से पता करना सबसे अच्छाहोगा। COVID-19 वैक्सीन लगवाने से आपके बच्चे के लिए कक्षा में मौजूद रहना, स्कूल के बाद की गतिविधियों और खेलों में भाग लेना, और दोस्तों के साथ मिलना-जुलना सुरक्षित हो जाएगा।

## क्या बच्चों के लिए बूस्टर शॉट्स की सिफारिश की जाती है?

इस समय, 5 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को बूस्टर शॉट लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। 5 से 17 वर्ष की उम्र के लोग, जिन्हें पाँच महीने से ज़्यादा समय पहले Pfizer प्राथमिक श्रृंखला लगाई गई थी, वे केवल Pfizer के बूस्टर शॉट के लिए पात्र हैं। 5 से 11 वर्ष की उम्र के कुछ प्रतिरक्षाविहीन बच्चों को Pfizer वैक्सीन के उनके दूसरे शॉट के 28 दिन बाद अतिरिक्त डोज़ लगाया जा सकता है। 5 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बच्चे जो प्रतिरक्षा में अक्षम हैं, उन्हें अपनी प्राथमिक Pfizer COVID-19 टीकाकरण श्रृंखला की अतिरिक्त डोज़ प्राप्त करने के कम से कम 3 महीने बाद बूस्टर शॉट मिलना चाहिए (कुल 4 डोज़ के लिए)। अपने बच्चे के प्राथमिक देखभाल चिकित्सक से बात करके अधिक जानकारी प्राप्त करें।

## मेरे बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर है। क्या COVID-19 वैक्सीन उनकी सुरक्षा करेगी?

रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए Pfizer वैक्सीन की सिफारिश करते हैं क्योंकि COVID-19 होने पर उनके अत्यधिक बीमार होने की संभावना अधिक होती है। वैक्सीन लगवाने के बाद भी कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को वैक्सीन लगवाने वाले बाकी लोगों की तुलना में कम सुरक्षा मिलती है। जब किसी समुदाय के अधिक लोगों को टीका लगायाजाता है, तो कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों – जिनमें बच्चे भी शामिल हैं - का COVID-19 से बेहतर बचाव होता है। यही कारण है कि अधिक से अधिक न्यू यॉर्क वासियों को टीकाकरण कराना ज़रूरी है। 5 से 11 वर्ष की उम्र के कुछ प्रतिरक्षाविहीन बच्चों को Pfizer वैक्सीन के उनके दूसरे शॉट के 28 दिन बाद अतिरिक्त डोज़ लगाया जा सकता है।

NYC HEALTH+ HOSPITALS

Published: 6/23/2022
Hindi